**दिनांक : 05.07.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, गरीब और ग्रामीणों के जीवन में आशा का संचार करने के लिए सरकार प्रतिबद्व।
- प्रदेश सरकार ने औद्योगिकीकरण की दिशा में सशक्त कदम उठाये हैं कहा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ।
- उज्जैन में 10 जुलाई को आयोजित होगा राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन।
- प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात, अगले 24 घंटों में कई जिलों भारी बारिश का अलर्ट।

**अमित शाह – गुजरात**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय ने 60 नए उपाय शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण लोगों के जीवन में आशा का संचार करने के लिए सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई थी।

**सहकारी युवा संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार बदलते दौर की आवश्यकताओं के अनुरूप संवाद, विमर्श और प्रोत्साहन के माध्यम से युवाओं के सपनों को पंख देकर नई उड़ान देने के लिए प्रतिबद्ध है । आज भोपाल में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने औद्योगिकीकरण की दिशा में सशक्त कदम उठाए हैं।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और "सहकार से समृद्धि" योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी गई।

**समरसता कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नदी जोड़ों अभियान सहित अनेक विकास कार्यो की सौगातों ने संपूर्ण ग्वालियर और चंबल अंचल को प्रगति के पथ पर गतिशील किया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कैबिनेट मंत्रीगण तुलसीराम सिलावट, नारायण सिंह कुशवाह एवं प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भरत सिंह कुशवाह सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

**राष्ट्रीय मछुआ दिवस**

राष्ट्रीय मछुआ दिवस के अवसर पर 10 जुलाई को उज्जैन में राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 453 स्मार्ट फिश पार्लर, अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और इंदिरा सागर जलाशय में मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमिपूजन किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में फ्रीड मिल के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय, उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरुस्कार वितरण, सिंगल क्लिक से डिस्ट्रीब्यूशन और रायल्टी चेक का प्रदाय किया जाएगा ।

**पर्यावरण संरक्षण**

प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई "एक बगिया मां के नाम परियोजना", "गंगोत्री हरित योजना" और "नर्मदा परिक्रमा पथ" जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन योजनाओं के तहत मनरेगा के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नदियों के उद्गम स्थलों पर पौधरोपण को प्राथमिकता दिये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने "एक बगिया मां के नाम परियोजना" को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बताया।

**मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। बगैर सर्वे, बगैर तैयारी, आरक्षण देने की बात करके फैलाए गए भ्रम के कारण यह मामला कोर्ट में लंबित रहा। आरक्षण के संबंध में तथ्यात्मक आंकड़ों के आधार पर विधानसभा में बिल प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।**

**बेंगलुरू - केंद्रीय मंत्री**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की नीतियां 2047 तक देश को चार खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से 32 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार हैं। श्री गोयल ने बेंगलुरू में आज आयोजित आईआईटी मद्रास के 'संगम 2025' वैश्विक नवाचार और पूर्व छात्र शिखर सम्मेलन में यह बात कही। उनहोंने कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने विशव में पांचवीं सबसे बडी अर्थवयवसथा के रूप में भारत को पहले ही सथापित कर दिया है।**

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

राज्य शासन द्वारा संचालित किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, जनपदों तथा व्यक्तिगत श्रेणी की रैंकिंग के निर्धारित मापदंड अनुसार अनूपपुर जिले को प्रदेश में श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसी तरह से जल गंगा अभियान में खेत तालाब निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने पर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**मौसम**

प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई स्थानों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में स्थिति बिगड़ गई है। नदी-नाले उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, टीकमगढ़ में घरों में पानी घुस गया है। कटनी जिले में बीते दो दिनों से जारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, एक मानसून ट्रफ के मप्र से गुजर रही है। इसके अलावा प्रदेश में ही एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इनकी वजह से प्रदेश में भारी बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिन यानी, 8 जुलाई तक प्रदेश के आधे हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से में सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। अगले 24 घंटे में जबलपुर, भोपाल, उज्जैन, इन्दौर और नर्मदापुरम संभागों के कई जिलों में भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है।

## समाचार संक्षेप में .....

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा नीमच जिले में पौधारोपण महाभियान के तहत विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में पोधरोपण किया गया।
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिये देवास जिले के जनजातीय ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया।
- खंडवा में नगर निगम द्वारा "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान के अंतर्गत आज एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस 4 जुलाई को कृषि विज्ञान केंद्र, झाबुआ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित, 110 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन।
- अशोकनगर में आज कर्मचारियों के प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया।
- छिंदवाड़ा के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण किया।
- सीहोर जिले में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।
- गुना कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिये पूर्व से तैयारी के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं।
- रेल यात्रा के लिए रिजर्वेशन के समय दिए गए नामों की प्रामाणिकता के लिए रेलवे भी डिजिटल प्रणाली का उपयोग करेगा। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार "एम आधार एप" का उपयोग कर यात्रा के दौरान यात्रियों की पहचान की जाएगी।